हिन्दी विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

2 सितंबर 2023 को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के हिंदी विभाग द्वारा निबंध लेखन , सुलेख लेखन,पोस्टर निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गई । इसमें महाविद्यालय के सैकड़ो छात्रों द्वारा भाग लिया गया। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ बबीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की उन्हें इस प्रकार के आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इससे विद्यार्थियों में सृजनशीलता का विकास होता है । निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर कुणाल भारद्वाज तथा दूसरे स्थान पर दिव्या , सुलेख लेखन में पहले स्थान पर अनिशा तथा दूसरे स्थान पर मुस्कान भारद्वाज रही। पोस्टर निर्माण में सारिका कंचन और संजय ने पहला,दूसरा, तीसरा स्थान लिया।इस मौके पर डॉ बबीता ठाकुर के अतिरिक्त डॉक्टर राज भगती प्रोफेसर अरुण तथा प्रोफेसर सुभाष भी मौजूद रहे।